
हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 17 मई 2025

11 हमीदपुर के छात्र मोहित ने सुपर 100 में बनाया स्थान



12 कनीना रेलवे स्टेशन पर क्षेत्रवासियों ने की महापंचायत



## खबर संक्षेप

### गोली चलाने के मामले में मुख्य आरोपी काबू

**नारनौल।** नांगल चौधरी के गांव नांगल नूनिया में गोली चलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना नांगल चौधरी पुलिस ने मुख्य आरोपित अमित उर्फ बिजेन्द्र वासी बूढ़वाल नांगल चौधरी को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ में पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित ने आपसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस की ओर से आरोपित के पास से अवैध हथियार पहले बरामद कर लिया गया था। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपित बूढ़वाल निवासी साहिल व मनोज को पहले गिरफ्तार कर लिया था।

### चोरी का एक और आरोपी गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** दुकानों में सेंधमारी कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक ओर आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान कुलदीप वासी सिलाना जिला झज्जर के रूप में हुई। आरोपित चोरी की वारदातों में संलिप्त था। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। चोरी की घटना में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस द्वारा पहले गिरफ्तार किया गया था, जिनसे पूछताछ में करीब 12 हजार रुपये की नकदी बरामद की गई थी। जगरामदास कॉलोनी निवासी कर्मवीर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों द्वारा उसकी और आस-पास की दुकानों से ताला तोड़कर सामान चोरी किया गया है।

### श्रीश्याम बाबा का जागरण आज

**नारनौल।** श्रीश्याम आस्था मंडल के तत्वावधान में शनिवार रात को केशव नगर गली नंबर तीन में इंडियन पब्लिक स्कूल के पास विजय प्रकाश कौशिक के निवास स्थान पर श्रीश्याम बाबा का जागरण किया जाएगा। मंडल के प्रवक्ता हेमंत गुप्ता ने बताया कि अध्यक्षता मंडल के प्रधान हरिओम गर्ग करेंगे।

### महेंद्रगढ़ में कल ड्रोन पर रहेगा प्रतिबंध

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में 18 मई को होने वाले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जनसभा कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के मध्य नजर जिले में ड्रोन नियम 2021 के तहत मानव रहित हवाई वाहनों (यानी ड्रोन) पर प्रतिबंध लगाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंध लगाने के आदेश पारित किए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत 18 मई को उपमंडल महेंद्रगढ़ का संपूर्ण क्षेत्र किसी भी यूएवी जैसे ड्रोन आदि की उड़ान के उद्देश्य से नो फ्लाइंग जोन रहेगा। यह आदेश पुलिस, अर्धसैनिक बल, वायुसेना व संबंधित जनसंपर्क अधिकारी सहित कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर लागू नहीं होगा।

# ईओ ने व्हीट अलाउंस सोमवार तक देने का दिया आश्वासन, हड़ताल खत्म

- नगर परिषद के उपप्रधान संजय यादव एवं अन्य पार्षदों के हस्तक्षेप करने एवं धरने में शामिल होने पर हुआ मामले का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नगर पार्षदों के हस्तक्षेप करने पर नप अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों के बीच चार दिनों से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो गया है। अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों को आने वाले सोमवार तक व्हीट अलाउंस की पेमेंट करने का आश्वासन दिया है, जिस पर आंदोलनकारी कर्मचारियों ने हड़ताल से अपने कदम पीछे हटा लिए और काम पर लौट गए। इससे शहर में सफाई हो सकेगी, अन्यथा चार दिनों झाड़ू नहीं लगने से हर तरफ गंदगी का आलम बन गया था।

बता दें कि राज्य सरकार की तरफ से नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को मई महीने में 25 हजार रुपये प्रत्येक कर्मचारी को व्हीट अलाउंस यानि गेहूं का भत्ता प्रदान किया जाता है। यह राशि बिना ब्याज की होती है, जो कर्मचारी दस किस्तों में वापस अदा करते हैं। इस बार भी प्रदेश की पालिकाओं में यह राशि वितरित की गई, लेकिन नगर परिषद नारनौल के कर्मचारी इससे वंचित कर दिए गए। नारनौल ही नहीं, जिले की अन्य चार पालिकाओं के कर्मचारी भी इसके शिकार हो गए। इस पर नगर परिषद नारनौल के सफाई कर्मचारियों ने 12 मई को नप अधिकारियों को चेताया, लेकिन उन पर कोई असर नहीं हुआ, जिसके फलस्वरूप वह 13 मई से काम छोड़कर हड़ताल पर उतर गए। यह हड़ताल चार दिनों से जारी रही। 16 मई को



**नारनौल।** धरने पर पहुंचे नप उपप्रधान संजय यादव एवं अन्य पार्षदगण। फोटो : हरिभूमि

तो हड़तालियों ने कर्मिक अनशन तक शुरू कर दिया। हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था भी चरमरा गई। कर्मिक अनशन में 10 सफाई कर्मचारी बैठे, जिनमें जोगिंद्र सिंह, राजू दरोगा, रमेश जड़िया, सुनील, संजय कुमार, सावित्री देवी, ऊषा देवी, नीलम देवी, रेखा देवी व कृष्णा देवी शामिल रहे।

इसी बीच शुक्रवार प्रातः जब कर्मिक अनशन एवं आंदोलन जारी था और कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अधिकारियों को कोस रहे थे, तब नगर परिषद के वॉइस चेयरमैन संजय यादव, वार्ड पार्षद मोहनलाल शर्मा, वार्ड पार्षद अजय सिंघल एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुमेर कांडा धरना स्थल पर पहुंचे तथा कर्मचारियों की पीड़ा सुनी।

कर्मचारी नेताओं ने उन्हें अवगत कराया कि अधिकारी इस बार उन्हें व्हीट अलाउंस के 25000 रुपये नहीं दे रहे, जिस कारण इस बार उन्हें सालभर का अनाज खरीदने में परेशानी हो रही है। इसके उपरांत उन्होंने नप के कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल से बात की। फोन पर गोयल ने उन्हें बताया कि इस समय मंत्री जी की ग्रीवेंस मीटिंग चल रही है और वह इनकी समस्या का समाधान आने वाले सोमवार तक कर देंगे।

### हड़ताल खत्म करने का करेंगे अनुरोध

गोयल ने यह भी कहा कि मीटिंग खत्म होने पर वह खुद भी कर्मचारियों के बीच पहुंचेंगे तथा उनसे सोमवार तक का समय लेकर हड़ताल खत्म करने का अनुरोध करेंगे। बाद में धरने पर उपप्रधान संजय यादव के साथ ही कपिल यादव, राजेंद्र सैनी व देवेंद्र आदि भी पहुंचे और नगर परिषद के ईओ से वार्ता की। वार्ता में ईओ ने इन सभी को व्हीट अलाउंस दिलाने की पूरी गारंटी दी। इस पर कर्मचारियों ने उन्हें 19 मई तक का समय दे दिया और हड़ताल खत्म कर काम पर लौट गए। मौके पर इकाई प्रधान सुरेश कुमार जैदिया, जिला प्रधान राहुल सारवान, राज्य कैशियर महेंद्र संगेलिया, सचिव महावीर प्रसाद, भूपेंद्र दरोगा, राजू दरोगा, रमेश जड़िया, भीम सिंह, निरंजन लाल, महावीर एवं मनोज देवी आदि मौजूद रहे।

## जन परिवेदना समिति की बैठक में उठा गढ़ी में अवैध माइनिंग का मामला

# गढ़ी में अवैध माइनिंग पर इंजीनियर सस्पेंड, बाद में बहाल किए गए

- दो दिन में व्यवस्था सुधारने के आश्वासन पर वापस लिए सस्पेंड के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

महेंद्रगढ़ क्षेत्र के गांव गढ़ी में अवैध माइनिंग की शिकायत सरपंच ने की थी। जन परिवेदना समिति की बैठक में जब मंत्री डा. अरविंद शर्मा के सामने यह मामला उठा तो जिला माइनिंग इंजीनियर राजेश कुमार ने तर्क दिया कि पैमाइश रिपोर्ट के आधार पर वह अपने स्टैंड पर है। इस मामले की यहां बैठे किसी भी उच्च अधिकारियों से जांच करवा लें। जो मैंने कहा उसका मैं जिम्मेवार हूं। सरपंच ने अब लिखित में अवैध माइनिंग नहीं होने की बात कही है। मंत्री ने यह सुन कहा, जब पिछली मीटिंग में जो मशीनों को जब्त करने के आदेश दिए थे, उस पर कार्रवाई नहीं की। इस कारण सस्पेंड किया जाता है। डीसी की तरफ इशारा करते हुए मंत्री ने कहा अगर बहाल होता है, तो यहां पोस्टिंग ना हो, यह भी उनकी ओर से नोटिंस में डाला जाए। इस घटनाक्रम के बाद बैठक खत्म होने पर माइनिंग इंजीनियर को सस्पेंड करने के



**नारनौल।** अवैध माइनिंग पर मंत्री के समक्ष अपना पक्ष रखते माइनिंग अधिकारी राजेश कुमार।

सवाल पर मंत्री ने मीडिया को बताया कि माइनिंग आफिसर ने दो दिन का समय मांगा है। वह सिस्टम सुधारने की बात कह रहा है।

### शिकायत के बाद यूं चली जांच

शिकायत के बाद खान एवं भू विज्ञान विभाग ने रिपोर्ट तैयार की। इसमें सहायक खनन अभियन्ता ने बताया है कि 22 मार्च को शिकायत के संबंध में की गई कार्यवाही बारे अवगत करवाते हुए बताया गया था कि फिलहाल बायो एन्र्जी प्लांट को जारी किया गया परमिट निलंबित कर दिया गया है और महानिदेशक को उक्त प्लांट को पूर्व में दी गई खनन से सम्बंधित अनुमति रद्द करने बारे पुनः विचार करने लिखा गया था। मीटिंग के दौरान मंत्री ने निर्देश दिए गए थे कि उक्त प्लांट व खड़ी ब्लास्टिंग से संबंधित मशीन को हटवाया जाए, ताकि भविष्य में अवैध खनन किया गया है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज भी करवाई जाए। इस पर खनन अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया था कि कुछ समय पहले पैमाईश करवाई गई थी। पैमाईश रिपोर्ट के आधार पर यदि अवैध खनन को होना पाया जाता है तो एफआईआर दर्ज करवा दी जाएगी। इसके पश्चात मंत्री के आदेशों की पालना में प्लांट पर खड़ी मशीन को हटवा दिया गया था। खनन विभाग द्वारा राजस्व विभाग से पैमाईश की रिपोर्ट प्राप्त की गई एवं पैमाईश रिपोर्ट मे प्लांट संचालक द्वारा अवैध तौर पर अरावली क्षेत्र में अवैध तौर पर कब्जा दर्शाया जाना पाया गया। इस तरह प्राप्त पैमाईश रिपोर्ट अनुसार अवैध कब्जे के संबंध में आगामी आवश्यक कार्रवाई वन विभाग से संबंधित है और इस बारे उपायुक्त एवं डीएफओ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु खनन विभाग द्वारा अवगत करवाया गया, फिलहाल उक्त प्लांट पर खनन के सम्बंध में कार्य नहीं हो रहा है।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की यह थी रिपोर्ट

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नारनौल के क्षेत्रीय अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि मैसर्स बाबा बायो एनर्जी के खिलाफ शिकायत प्राप्त होने के उपरान्त संबंधित सहायक पर्यावरण अभियन्ता ने मौके की जांच के दौरान शिकायत सही पाई गई थी। पाया गया था कि उपरोक्त वर्णित कम्पनी ने बोर्ड से अनुमति लिए बगैर परमिशन ली हुई थी। ऐसे में कार्रवाई करते हुए नियमानुसार कम्पनी को आदेश पत्र दिनांक तीन मार्च 2025 की अनुपालना में सील कर दिया गया था। कम्पनी सील है तथा न ही कम्पनी ने क्लोजर ऑर्डर हटवाने के लिए कोई आवेदन दिया है।

### वन विभाग ने दी यह रिपोर्ट

महेन्द्रगढ़ उप वन संरक्षक से भी रिपोर्ट ली गई। जिसमें उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि परिवाद बायोगैस (मैसर्स सदाशिव स्टॉन क्रेशर) गांव गढ़ी खुडाना में स्थापित बाबा बायोगैस (मैसर्स सदाशिव स्टॉन क्रेशर) ने गढ़ी अरावली क्षेत्र में जेसीबी मशीन से 107 नंबर वृक्ष खैरी प्रजाति के नष्ट कर दिए थे, जिसकी विभाग द्वारा मैसर्स सदाशिव स्टॉन क्रेशर गढ़ी खुडाना के प्रोपराईटर सज्जन सिंह के खिलाफ एफओआर नंबर 015/591 दिनांक दो जनवरी 2025 चाक कर दी गई थी, जिसका अभियोजन केस बनाकर माननीय सिविल न्यायालय में दायर किया जा रहा है। पैमाईश उपरान्त पाया गया है कि बायोगैस (मैसर्स सदाशिव स्टॉन क्रेशर) को आने-जाने का जो रास्ता बना रखा था वह अरावली पौधारोपण क्षेत्र का हिस्सा था जिसको दो जनवरी को जेसीबी मशीन की सहायता से कटवा दिया गया था।

### यह थी शिकायत

गांव गढ़ी के सरपंच कर्मबीर सैनी ने शिकायत दी थी कि गांव गढ़ी की अरावली पहाड़ी में बाबा बायोगैस की आड़ में अवैध रूप से माईनिंग की जा रही है। उपरोक्त जमीन की पैमाईश करवाने के बाद भी लगभग 200 फुट अरावली में अवैध माईनिंग कर रहे है, हैवी ब्लास्टिंग की जा रही है। जिसमें किसानों का खेत पर जाना भी मुश्किल हो रहा है। ब्लास्टिंग मशीन द्वारा करवाई जा रही है।

### जांच रिपोर्ट के लिए मांग है समयः डीसी

उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि खनन अधिकारी की तरफ से इस पूरे मामले में दो दिन के अंदर जांच रिपोर्ट दी जाएगी। इसके लिए उनकी तरफ से रिपोर्ट देने के लिए समय मांगा है। जांच रिपोर्ट के बाद ही मामले में आगामी कार्रवाई होगी।

# राजनीतिक विज्ञान लैब का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिले की प्रथम राजनीति विज्ञान विषय की लैब का शुभारम्भ शुक्रवार को खंड नांगल चौधरी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर में किया गया। विद्यालय की प्राचार्य सीमा यादव ने बताया कि राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा की ओर से निजी कोष से तैयार अपनी तरह की अनूठी व संभवतः राज्य की प्रथम राजीनीति विज्ञान विषय की इस लैब का शुभारम्भ जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या सीमा यादव ने की। विशिष्ठ अतिथि कलस्टर प्रभारी भुंगारका मुरारीलाल, कांवी के कलस्टर हैड सुरेश कुमार, सुरेन्द्र गुप्ता प्राचार्य सिरोही बहाली, पूर्व प्राचार्य जसवंत सिंह थे। विशेष आमंत्रित अतिथि डाईट महेंद्रगढ़ से राजीनीति विज्ञान के विषय विशेषज्ञ राकेश कुमार सिगड़ा, शिक्षाविद राकेश शर्मा थे। कार्यक्रम का संचालन स्टेट अवार्डी शिक्षक जितेन्द्र भारद्वाज ने किया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों की समझ को बेहतर बनाने के लिए राजनीति विज्ञान की यह लैब प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगी। उन्होंने प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि



**नारनौल।** लैब का उद्घाटन करते जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान। फोटो : हरिभूमि

उनका यह प्रयास लैब में उपलब्ध शिक्षण सामग्री से बच्चो को विषयानुकूल माहौल उपलब्ध कराने में सहायक रहेगा। प्राचार्य सीमा यादव व प्रवक्ता अभय सिंह यादव ने बताया कि राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा ने बिना किसी सरकारी सहायता के निजी कोष व प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के सहयोग से उक्त प्रयोगशाला तैयार की है। इस मौके पर प्रवक्ता दिनेश गांधी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेश कुमार, प्रवक्ता अभय सिंह, पूर्व विद्यालय प्रभारी विजय शर्मा, संस्कृत प्रवक्ता आशा शर्मा, बुलबुल शेरावत, महेंद्र सिंह यादव, अंजू कुमारी, रामनिवास, ऋषि कुमार, सुभाष लिपिक, प्रवक्ता राजेश कुमार सिरोही बहाली आदि मौजूद थे।

### डीटीपी ने हटाया अवैध निर्माण

**नारनौल।** जिला नगर योजनाकार टीम ने शुक्रवार को शहरी गांव रसूलपूर (कुलताजपुर रोड) में लगभग नौ एकड़ व बाईपास नहर के पास लगभग पांच एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस दौरान लगभग 14 एकड़ भूमि में 20 डीपीसी, चार चारदीवारी के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए। यह पूरी तोड़फोड़ कार्रवाई जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा की अगुवाई में रवि कुमार, जितेन्द्र कुमार, योगेन्द्र कुमार, विकास, नरेश कुमार के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई।



**नारनौल।** अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी मशीन।

# शहर के लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस के नवनिर्माण के लिए सांसद ने फिर लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

- 6.93 करोड़ रुपये हो चुके हैं मंजूर, गांव पायगा में बनना है नया रेस्ट हाउस

शहर के लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस के नवनिर्माण को लेकर सांसद ने फिर पत्र लिखा है। इस बारे में जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि मौजूदा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस शहर के बीचों-बीच स्थित है तथा बहुत पुराना भी हो चुका है। इसके शहर के बाहर गांव पायगा में नवनिर्माण के लिए 6.93 करोड़ की राशि भी मंजूर हो चुकी है। गांव पायगा की पंचायत की तरफ से इस बारे में प्रस्ताव करके जिला उपायुक्त के माध्यम से पंचायत एवं विकास विभाग के महानिदेशक को केस भी भेज दिया गया था। 2020 में इस बारे में केस बनाकर भेजा गया था। अब लगभग पांच वर्ष से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अभी तक जमीन लोक निर्माण विभाग के नाम नहीं हो पाई हैं, जबकि जिला उपायुक्त द्वारा केस भेजे जाने के उपरांत ही नए रेस्ट हाऊस के निर्माण के लिए 6.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे। इस बारे में सांसद धर्मबीर सिंह ने पहले भी



**महेंद्रगढ़।** सांसद को पत्र सौंपते संदीप मालड़ा। फोटो : हरिभूमि

सितंबर 2023 में पंचायत एवं विकास विभाग के महानिदेशक एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री के प्रमुख मुख्य सचिव को पत्र लिखा था। संदीप मालड़ा ने बताया कि इसी विषय को लेकर दिल्ली स्थित सांसद धर्मबीर सिंह के निवास पर पहुंचकर सांसद को इस बारे मांग पत्र सौंपा था। सांसद धर्मबीर सिंह ने एक बार फिर हरियाणा के पंचायत विभाग के महानिदेशक को पत्र लिखकर इस बारे में जल्द कार्रवाई सिरे चढ़ाने बारे कहा है। संदीप मालड़ा ने बताया कि मौजूदा रेस्ट हाउस शहर के बीचों-बीच स्थित है तथा वीआईपी विजिट के समय दुकानदार एवं ग्राहक दोनों को ही असुविधा होती है।

# सिहमा में खेल नर्सरी शुरू, पानी के लिए तरसे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

सिहमा के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में पिछले एक माह से खेल नर्सरी शुरू की गई है, लेकिन बच्चों को पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। यह एक गंभीर समस्या है, क्योंकि खेल नर्सरी में बच्चों के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। पानी की कमी से बच्चे बीमार हो सकते हैं और उनकी खेल गतिविधियों में भी बाधा आ सकती है।

बता दें कि खेल नर्सरी में कुल 110 बच्चों ने अपना नाम दर्ज करवाया है। इन सभी बच्चों को कोच कोमल सुबह सायं प्रशिक्षण दे रही हैं। आठ से 19 वर्ष वर्ग आयु के बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें तकनीक, रणनीति और शारीरिक तैयारी शामिल है। परंतु यह



**मंडी अटेली।** राजीव गांधी खेल स्टेडियम में लगा टूटा बोरवेल। फोटो : हरिभूमि

खेल स्टेडियम आज बुरे दौर से गुजर रहा है। यह खेल स्टेडियम में चारों तरफ कटीली झाड़ियां नजर आ रही है। इसके बारे में ग्रामीण सत्यप्रकाश, अभिषेक, कुलदीप, सोनू, मोहित, कपिल, दीपक, सत्यप्रकाश, लक्की व मोनू ने बताया कि प्रदेश सरकार अनेक प्रकार के दावे जरूर करती है, परंतु धरातल पर कुछ और नजर आता है। इस खेल स्टेडियम में सैकड़ों युवा सुबह सायं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। खेल स्टेडियम में बोरवेल तो बना हुआ है, लेकिन परंतु कनेक्शन नहीं होने के चलते खिलाड़ियों एवं बच्चों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। खेल स्टेडियम के अंदर शौचालय तो बना हुआ है, परंतु वह पूरी तरह से टूटा हुआ है, जिससे तैयारी करने वाली लड़कियों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है।

## सहकारिता मंत्री ने जन परिवेदना समिति की बैठक में की जनसुनवाई

# घरों के ऊपर से हटेंगी हाई टेंशन लाइन, जिले में 504 लाइन चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार की योजना अनुसार जिला महेंद्रगढ़ में खतरनाक चिन्हित हो चुकी 11 व 33 केवी की 504 बिजली की लाइनों को घरों के ऊपर से हटा दिया जाएगा। यह कार्य इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। शर्मा शुक्रवार को पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पहले से निर्धारित 14 मामलों की सुनवाई की। बैठक के बाद भी नागरिकों की समस्या सुनी।

इस दौरान उनिंदा गांव के बलवान सिंह की शिकायत पर बोलते हुए उन्होंने अधिकारियों



**नारनौल।** नागरिकों की शिकायतें सुनते सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

को निर्देश दिए कि पहले से ही चिन्हित की गई खतरनाक लाइनों का टेंडर खुल चुका है। ऐसे में इस कार्य को निर्धारित समय में पूरा करवाया जाए। ग्राम पंचायत बचीनी की ओर से अवैध कब्जे की शिकायत के संबंध में निर्देश दिए कि 18 मई के मुख्यमंत्री के दौरे कार्यक्रम के बाद इस कार्य को पूरा करवाया जाए। खटोटी सुल्तानपुर के मोतीलाल की शिकायत के संबंध में अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में 24ए के तहत नोटिस जारी किए जा चुके हैं। जल्द अवैध कब्जे हटा दिए जाएंगे। सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन परिवेदना समिति पर नागरिकों को बहुत विश्वास है। सभी अधिकारी मिलकर इस विश्वास को बरकरार रखें, ताकि लोगों के कार्य समय पर पूरे हो। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सहकारिता मंत्री का स्वागत किया।

### ये रहे मौजूद

बैठक में विधायक ओमप्रकाश यादव, नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी, बीजेपी जिला प्रधान यतेंद्र राव, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, मनीष मित्तल, दयाराम यादव आदि गणमान्य मौजूद थे।

# कान्स के रेड कारपेट पर वॉक करने वाली सबसे युवा भारतीय एक्ट्रेस बनीं नितांशी



## इन सेलेब्स ने भी बनाया कान्स में रिकॉर्ड

*78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल इस समय दुनियाभर में छाया हुआ है। देश-दुनिया से कई कलाकार इस भव्य समारोह का हिस्सा बन रहे हैं। इसी बीच भारत की नितांशी गोयल इस साल इस फेस्टिवल में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बन गई हैं। चलिए आपको बताते हैं इससे पहले सबसे कम उम्र के कौन-कौन से कलाकार इस फेस्टिवल में शामिल हो चुके हैं।*

### युया यागिरा

साल 2004 में जापान के युया यागिरा ने महज 16 साल की उम्र में 'नोबडी नोज'फिल्म के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता था।

### लुई माले

वहीं. 1956 में फ्रेंच डायरेक्टर लुई माले को 24 की उम्र में 'द साइलेंट वर्ल्ड' के लिए पाल्म डी'ओर से नवाजा गया था।

### वलेरिया कोट्टो और ब्रुकलिन प्रिंस

2017 में फिल्म 'द फ्लोरिडा प्रोजेक्ट'के लिए महज 6 साल की उम्र में वलेरिया कोट्टो और 7 साल के ब्रुकलिन प्रिंस ने भी फेस्टिवल में शिरकत की थी।

### अवनीत कौर

2024 में भारतीय एक्ट्रेस अवनीत कौर ने 'लव इन वियतनाम'का पोस्टर लॉन्च कर 22 साल की उम्र में अपने डेब्यू से सबका ध्यान खींचा था।

एजेंसी ⏭ पेरिस

78वें कान फिल्म फेस्टिवल में 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस नितांशी गोयल रेड कार्पेट पर उतर चुकी हैं। इसके साथ ही वो सिर्फ 17 साल की उम्र में कान के रेड कार्पेट पर उतरने वाली पहली बॉलीवुड अभिनेत्री भी बन गईं। ब्लैक ऑफ शोल्डर गाउन में नीतांशी का लुक काफी वायरल हो रहा है। नीतांशी ने कान में अपने डेब्यू पर खुशी जताते हुए अपनी तस्वीरों के साथ एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर साझा की है।

### नितांशी ने इंस्टाग्राम पर जाहिर की खुशी

कान्स की रेड कार्पेट पर अपने डेब्यू से उत्साहित नीतांशी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। इस पोस्ट में नितांशी ने लिखा, 'मैंने कान्स में रेड कार्पेट पर वॉक किया। यह कहना अभी भी एक सपना लगता है। इस मंच पर भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान है, जिसे मैं हमेशा संभालकर रखूंगी। मेरे परिवार, मेरी टीम, मेरे दर्शकों को - मुझे प्यार करने, मेरा मार्गदर्शन करने और मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद। यह सिर्फ मेरा पल नहीं है, यह हमारा है।'

### ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा

नितांशी गोयल कान में फिल्म डोजियर 137 की स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। कान के अपने डेब्यू में नितांशी मोनिका और करिश्मा के डिजाइन किए हुए ब्लैक कलर के ऑफ शोल्डर गाउन में नजर आईं। जिसमें भारी गोल्डन एम्ब्रॉइडरी थी। कान के लिए उन्हें श्रे और ऊर्जा ने स्टाइल किया था। नितांशी ने अपने लुक को चोकर नेकलेस, स्टड ईयरिंग्स और एक सटल हेयरस्टाइल के साथ बेहद खूबसूरती से कंप्लीट किया।

### बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों को दिया ट्रिब्यूट

नितांशी के रेड कार्पेट लुक के अलावा उनका ट्रेडिशनल इंडियन लुक भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उन्होंने आइवरी साड़ी पहनकर इंडियन सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्रियों को ट्रिब्यूट दिया। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने बालों में एक खूबसूरत हेयर एक्सेसरी लगा रखी थी। जिसमें मोतियों की माला लगी हुई थी और इसमें छोटे-छोटे फ्रेम लगे हुए थे। इन फ्रेम में मधुबाला, रेखा, श्रीदेवी, वैजयंती माला, हेमा मालिनी, वहीदा रहमान और नूतन जैसी मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्रियों की तस्वीरें लगी हुई थीं। नितांशी का यह लुक काफी वायरल हुआ और लोगों ने इसे खूब पसंद किया।



## रॉबर्ट ने अनुपम खेर को किया किस

हॉलीवुड के दिग्गज स्टार रॉबर्ट डी नीरो को कान्स फिल्म फेस्टिवल में पाम डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसे लेकर बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने उन्हें बधाई देते हुए एक्टिंग का गॉडफादर बताया था और अपना दोस्त भी कहा था। अब कान्स में अनुपम खेर की मुलाकात रॉबर्ट से हुई है, जिसका एक शानदार वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में हॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर को गाल पर चूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डी नीरो से मिलते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि वह रॉबर्ट से मिलकर बहुत खुश हैं और वह बहुत सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें उनके जैसा दोस्त मिला। इसके अलावा अभिनेता ने कहा कि कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं कि वो जब भी मिलते हैं तो उसी गर्मजोशी से शुरू होते हैं, जैसे पिछली बार मिले थे। इतना कहने के दौरान अनुपम खेर, रॉबर्ट से गले मिलते हैं और रॉबर्ट उन्हें एक प्यारा सा किस गाल पर करते हैं। अनुपम खेर ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा कि उनका कान के दौरान सबसे महान अभिनेता से गले मिलना हुआ। इसके आगे अभिनेता ने कहा, 'कान में अपने दोस्त रॉबर्ट डी नीरो, उनकी पत्नी टिफनी और उनकी खूबसूरत बेटी जिया से मिलना सबसे अद्भुत एहसास था। उनके प्यार और स्नेह ने मेर दिल को छू लिया। कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन पर सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार पाम डी'ओर पुरस्कार जीतने के लिए उन्हें बधाई।'

## आखिर क्या है कान्स फिल्म फेस्टिवल, कब शुरू हुआ और क्या है इसका इतिहास

*दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोह ' कान्स फिल्म फेस्टिवल' है। कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हर साल फ्रांस के कान में किया जाता है। प्रतिष्ठित 78वां कान फिल्म महोत्सव 13 मई से 24 मई तक आयोजित किया जा रहा है। यह फेस्टिवल पूरे 12 दिनों तक चलेगा, जिसमें कुछ ग्रैंड फिल्म स्क्रीनिंग की जाएगी।*



### किसने शुरू किया और क्यों?

कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत फ्रांस सरकार और फ्रांसीसी सिनेमा उद्योग ने मिलकर की थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्व सिनेमा को बढ़ावा देना, नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और विभिन्न देशों की संस्कृतियों को फिल्मों के माध्यम से एक-दूसरे के करीब लाना था। उस समय, इटली में वेनिस फिल्म फेस्टिवल बहुत लोकप्रिय था, लेकिन फ्रांस ने एक ऐसा समारोह शुरू करना चाहा, जो कला और स्वतंत्र सिनेमा को प्राथमिकता दे। इस तरह, कान्स फिल्म फेस्टिवल की नींव रखी गई।

**कहां होता है:** कान्स फिल्म फेस्टिवल न केवल सिनेमा का उत्सव है, बल्कि यह कला, संस्कृति और रचनात्मकता का एक अनूठा संगम है, जो हर साल दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करता है। कान्स, हर साल फ्रांस के खूबसूरत शहर कान में आयोजित किया जाता है। यह फेस्टिवल फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं, निर्देशकों और सिनेमा प्रेमियों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां नई और रचनात्मक फिल्मों को प्रदर्शित किया जाता है।

**कब हुआ शुरू - कान फिल्म फेस्टिवल? :** कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत साल 1946 से हुई थी। पहला समारोह 20 सितंबर से 5 अक्टूबर 1946 तक आयोजित किया गया था। हालांकि, इसे 1939 में शुरू करने की योजना थी, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था।

### हर साल कान में होता है यह भव्य फिल्म फेस्टिवल?

कान्स फिल्म फेस्टिवल हर साल मई महीने में आयोजित किया जाता है, जो लगभग 10-12 दिनों तक चलता है। इसका उद्देश्य नई फिल्मों को दुनिया के सामने लाना। फेस्टिवल में विश्व भर की बेहतरीन फिल्में दिखाई जाती हैं, जिनमें से कई को पुरस्कार मिलते हैं, जैसे 'पाम डी'ओर', जो सबसे बड़ा पुरस्कार है। एक तरह से कहा जाए तो सिनेमा की कला को सम्मान देना और समारोह में रचनात्मकता, कहानी कहने की कला और सिनेमाई तकनीकों को बढ़ावा देना होता है।

## कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत पवेलियन का उद्घाटन

गुरुवार को 78वें कान फिल्म महोत्सव में भारत पवेलियन का आधिकारिक उद्घाटन किया गया। यह भारत के बढ़ते वैश्विक सिनेमा की ओर एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन के दौरान फिल्म निर्माता और इफ्फी और एनएफडीसी के निदेशक शेखर कपूर मौजूद रहें। उनके साथ अनुपम खेर और राजदूत और राजनयिक संबंधों के लिए विशेष प्रतिनिधि ऐनी-लुईस मेसाडियू भी शामिल हुए।

### अनुपम खेर ने साझा किए विचार

दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने एक विशेष संबोधन दिया, जिसमें भारतीय सिनेमा के सफर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया। अभिनेता ने कहा, 'मैं अपने देश से आठ साल छोटा हूं और हम साथ-साथ बड़े हुए हैं। हमने वाकई बहुत अच्छा किया है। यह मेरा कान में पहला मौका है।

### आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर किया भावविभोर



**आस्था गिल ने गाया 'सारे जहां से अच्छा':** इस अवसर पर मशहूर भारतीय गायिका आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंच पर मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास के रूपज्योति ब्रह्म कारजी भी मौजूद थे, जिनका सहयोग भारत-फ्रांस सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक रहा है।

### ऐनी-लुईस मेसाडियू ने किया स्वागत

इस दौरान अपने संबोधन में ऐनी-लुईस मेसाडियू ने कान में भारत पवेलियन का स्वागत किया। उन्होंने भारत के सिनेमाई इतिहास और सीमाओं से परे कहानियां कहने की क्षमता की प्रशंसा की। वहीं, अपने उद्घाटन भाषण में शेखर कपूर ने सिनेमा की परिवर्तनकारी शक्ति और विश्व मंच पर एक रचनात्मक शक्ति के रूप में भारत की उभरती भूमिका पर प्रकाश डाला।

### इफ्फी 2025 का ट्रेलर हुआ लॉन्च

समारोह में 'इफ्फी 2025' का पोस्टर और ट्रेलर का लॉन्च किया गया। एनएफडीसी इंडिया के फिल्म प्रमोशन के महाप्रबंधक गौतम भनोट ने कहा, 'इफ्फी का नया पोस्टर 'कन्वर्जेंस ऑफ क्रिएटिविटी एंड टेक्नोलॉजी' का प्रतिबिंब है। भारत प्रौद्योगिकी को अपनाने और वैश्विक सामग्री निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है।'



# वो सिर्फ ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं

**मुंबई।** हाल ही में 'द भूतनी'में नजर आईं अभिनेत्री मौनी रॉय अपने लुक में बदलाव करने और प्लास्टिक सर्जरी कराने को लेकर ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। लोगों का कहना है कि मौनी ने प्लास्टिक सर्जरी कराई है और इसी वजह से अब वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। अब ट्रोलिंग और अपने लुक में बदलाव पर मौनी रॉय ने बात करते हुए प्रतिक्रिया दी है। मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग को लेकर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री ने कहा, 'अब यह सब मुझे परेशान नहीं करता। मैं पहले उन्हें ब्लॉक कर देती थी। वे कितनी दयनीय जिंदगी जी रहे हैं। अगर इससे उनको खुशी मिलती है, तो ऐसा ही करें। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।' मौनी ने आगे कहा, 'जब कोई कैरेक्टर को लेकर गलत बोलता है, तो कभी-कभी मुझे बुरा लगता है। लेकिन, बाकी नहीं। वो केवल ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं।



# अनन्या पांडे ने करवाई हिप्स की सर्जरी?

**मुंबई।** अनन्या पांडे बॉलीवुड में अपनी जगह बना चुकी हैं। जब वह फिल्मों में आईं तो उनकी कई वजहों से ट्रोलिंग हुई। उन्हें नेपोकिड कहा गया तो बॉडीशेम भी किया गया। अब उन्होंने कहा कि जब वह पतली थीं तो मजाक उड़ाया जाता था। अब उम्र बढ़ने के साथ शरीर भर रहा है तो भी लोग बोलते हैं कि सर्जरी करवाई है। अनन्या पांडे बोलीं, 'जब मैं फिल्मों में आई तो 18 या 19 साल की थी, मैं बहुत पतली थी। हर कोई मेरा मजाक उड़ाता था। लोग बोलते थे, 'तुम्हारे पैर मुर्गे जैसे हैं। तुम माचिस की तीली लगती हो। तुम्हारे ब्रेस्ट्स नहीं हैं, तुम्हारे हिप्स नहीं हैं।' तो पहले ये सब था।' अनन्या आगे बोलीं, 'अब मैं नैचुरली बढ़ रही हूं, मेरा शरीर भर रहा है तो लोग ये सब बोल रहे हैं, 'हो ही नहीं सकता, उसने तो अपने बट्स की सर्जरी करवाई है।

# राजू और श्याम तो रहेंगे पर बदल जाएंगे 'बाबू भैया'!



**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक कॉमेडी फिल्मों में से एक 'हेरा फेरी'का तीसरा भाग लंबे समय से सुर्खियों में बना हुआ है। फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि कब राजू, श्याम और बाबू भैया की तिकड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाएगी। लेकिन अब फैंस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता परेश रावल ने फिल्म 'हेरा फेरी 3' को छोड़ दिया है। जी हां, एक्टर अब अपने फेमस किरदार बाबूराव के रूप में फैंस को एंटरटेन करते हुए नजर नहीं आएंगे। इस खबर के सामने आते ही फैंस हैरान रह गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक परेश रावल ने क्रिएटिव मतभेदों के चलते फिल्म को अलविदा कहा है। वो फिल्म की स्क्रिप्ट से खुश नहीं थे इसलिए उन्होंने फिल्म को छोड़ना ही बेहतर समझा। रिपोर्ट की मानें तो परेश रावल इस सीक्वल को लेकर काफी असमंजस में थे और अंत में उन्होंने इससे हटने का फैसला ले लिया। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर ने फिल्म के लिए मुहुर्त शॉट भी पूरा कर लिया था। लेकिन कुछ समय पहले दिए गए एक इंटरव्यू में परेश रावल ने साफ कहा था कि वह इस सीक्वल से खुद को जोड़कर खुश नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि यह किरदार अब उनके लिए एक बोझ जैसा हो गया है और वह सिर्फ इसलिए इस फिल्म को कर रहे थे ताकि प्रोजेक्ट अटका न रह जाए। हालांकि, फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कुछ सूत्रों का मानना है कि जैसे 2022 में अक्षय कुमार के फिल्म से बाहर होने के बाद उनकी वापसी हुई थी, वैसे ही परेश रावल भी आखिरी वक्त पर वापसी कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक अब भी अगर बातचीत सही दिशा में जाती है, तो परेश को मनाया जा सकता है।

## टीवी मसाला



# 'बड़े अच्छे लगते हैं' में अपर्णा दीक्षित बनेंगी विलेन

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में एक बार फिर हलचल मचने वाली है, क्योंकि एकता कपूर का चर्चित शो 'बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन जल्द ही लौट रहा है। आईपीएल खत्म होते ही ये रोमांटिक ड्रामा छोटे पर्दे पर धमाकेदार वापसी करेगा। इस बार शो में एक नहीं, बल्कि कई ट्विस्ट्स और टर्न्स होंगे, जो लोगों को बांधे रखेंगे। शो की सबसे बड़ी हाईलाइट है हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी की फ्रेश जोड़ी, जिसे देखने के लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दोनों ही टीवी इंडस्ट्री के बड़े नाम हैं और पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। इस नई जोड़ी से रोमांस और इमोशन्स की डबल डोज मिलने वाली है। शो में तड़का लगाने आ रही हैं एक्ट्रेस अपर्णा दीक्षित, जो इस बार नेगेटिव रोल प्ले कर सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने शो साइन कर लिया है और जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाली हैं। हालांकि अभी तक उन्होंने इस बारे में कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया है। गौरतलब है कि अपर्णा इससे पहले 'पवित्र रिश्ता' में एकता कपूर के साथ काम कर चुकी हैं। अपर्णा दीक्षित के अलावा इस सीजन में और भी कई नए चेहरे नजर आएंगे, जिनमें शामिल हैं- ऋषि देशमुख, दिव्यांगना जैन, नितिन भाटिया, रोहित चौधरी,मानसी श्रीवास्तव,गौरव एस बजाज,खुशबू ठक्कर, ज्योति नेगी,पंकज भाटिया और आरुषि हांडा। इन सभी सितारों के साथ 'बड़े अच्छे लगते हैं' का ये नया चैप्टर पहले से भी ज्यादा ग्रिपिंग और ड्रामाटिक होने वाला है। शो को जून 2025 में लॉन्च किया जाना है। एकता कपूर का ये नया सीजन पुराने फॉर्मेट को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ पेश करेगा।

# 'वन' का फर्स्ट लुक देख दंग रह गए फैंस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एक नई तरह की थ्रिलर फिल्म एंट्री करने जा रही है- नाम है !वनः वन की शक्ति।' जहां आमतौर पर लव स्टोरी या ऐक्शन देखने को मिलता है, वहीं, अब लोगों को मिलेगी एक जंगल की गूंज, जिसकी कहानी पर्दे पर धड़कनों को तेज कर देगी। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पहली बार साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। बालाजी मोशन पिक्चर्स और एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी '**Vvan: The Force of the Forest**' अब 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस डेट का खुलासा फिल्म के सस्पेंस से भरे पोस्टर के साथ किया गया है। पोस्टर में लिखा है – 'जंगल फुसफुसा रहा है अब बल का प्रदर्शन होगा। यानी तैयार हो जाइए एक ऐसे थ्रिलर के लिए, जो जंगल की दुनिया में आपको ले जाएगा। फिल्म को डायरेक्ट अरुणाभ कुमार और दीपिक मिश्रा ने किया है। 'वन' में सिद्धार्थ मल्होत्रा एक पावरफुल लेकिन अनजाने किरदार में नजर आने वाले हैं, वहीं तमन्ना भाटिया का किरदार भी बहुत ही दिलचस्प और साहसी है। टीजर में तमन्ना को नंगे पांव, हाथ में जलती मशाल लिए जंगल की ओर दौड़ते दिखाया गया है। ये सीन ही लोगों को फिल्म की इंटेंसिटी का एहसास करा देता है। फिल्म का कॉन्सेप्ट एकदम नया है। जंगल, रहस्य, शक्ति और रोमांच के इर्द-गिर्द बुनी गई इस कहानी को लेकर फैंस में जबरदस्त एक्साइटमेंट है। 'वन' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक एक्सपीरियंस बनने जा रही है। मेकर्स ने हाल ही में तमन्ना भाटिया का एक टीजर भी शेयर किया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। उनके किरदार की झलक ने ये साफ कर दिया है कि वो फिल्म में केवल ग्लैमर नहीं, बल्कि एक शानदार रोल प्ले कर रही हैं।



## 'टायॅलेट एक प्रेम कथा' में उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया

# इन फिल्मों में दिखी छोटे शहरों की झलक, कहानी का बने अहम हिस्सा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जल्द ही राजकुमार राव की फिल्म 'भूल चूक माफ' रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी वाराणसी के एक प्रेमी जोड़े की है। फिल्म जरूर टाइम लूप पर है लेकिन इस कहानी के साथ वाराणसी शहर की खूबसूरत झलक भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। 'भूल चूक माफ' के अलावा भी कई फिल्में बनी हैं, जिनमें छोटे शहरों की झलक मिली और ये कहानी का अहम हिस्सा भी बने।

### बरेली की बर्फी


अश्विनी अय्यर तिवारी ने फिल्म 'बरेली की बर्फी (2017)' निर्देशित की थी। फिल्म की कहानी बरेली की एक लड़की बिट्टी मिश्रा (कृति सेनन) की थी। इस फिल्म में राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना भी नजर आए। इस कहानी में बरेली शहर, वहां की भाषा और लोगों का मस्तमौला मिजाज नजर आया।

### तनु वेड्स मनु

कंगना रनौत स्टारर फिल्म 'तनु वेड्स मनु(2011)' में भी कानपुर का रंग-ढंग दिखा। फिल्म को आनंद एल रॉय ने निर्देशित किया था। निर्देशक ने फिल्म की कहानी को कानपुर शहर के साथ बड़ी की शानदार ढंग से दिखाया था। इस फिल्म में आर माधवन, जिम्मी शेरगिल जैसे एक्टर्स भी अहम किरदार में नजर आए।

### दम लगा के हइशा


आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' में 1995 के हरिद्वार को दिखाया गया था। हरिद्वार के घाट, गंगा जी और 90 के दशक का रंग-ढंग इस फिल्म में नजर आया। उस दौर के गाने भी इस फिल्म में सुनने को मिले। इस फिल्म को शरत कटारिया ने निर्देशित किया था।





### टॉयलेट एक प्रेम कथा

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'टायॅलेट एक प्रेम कथा(2017)' में तो उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया गया। फिल्म की कहानी का मकसद गांव-देहातों में खुले में शौच की आदत में सुधार लाना था। श्री नारायण सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में भूमि पेडनेकर ने अक्षय कुमार के किरदार की पत्नी का रोल किया था।



### जॉली एलएलबी 2

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'जॉली एलएलबी 2(2017)' में लखनऊ शहर, वहां की कोर्ट-कचहरी दर्शकों को देखने को मिली। सुभाष कपूर निर्देशित इस फिल्म में अक्षय ने एक वकील का किरदार किया, हुमा कुरैशी पुष्पा पांडे के रोल में नजर आईं।

### इन फिल्मों में भी दिखीं अलग-अलग शहरों की झलक

- फिल्म 'उड़ान (2010)' में भी जमशेदपुर दिखाया गया है। फिल्म को विक्रमादित्य मोटवानी ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में रोनित रॉय, राम कपूर जैसे कलाकार नजर आए।
- साल 2013 में रिलीज हुई आनंद एल रॉय निर्देशित फिल्म 'रांझणा' में भी वाराणसी शहर कहानी का अहम हिस्सा था। फिल्म में लीड रोल में सोनम कपूर और धनुष नजर आए।
- मसान (2015) फिल्म में भी वाराणसी शहर के रहने वाले कुछ लोगों की दिल को छू लेने वाली कहानियां दिखीं। इस फिल्म को नीरज घेवान ने निर्देशित किया था।
- शुद्ध देसी रोमांस (2013) में भी जयपुर शहर के खूबसूरत रंग नजर आए। इस फिल्म में लीड रोल में सुशांत सिंह राजपूत, परिणीति चोपड़ा और वाणी कपूर नजर आए। इसी तरह 'केदारनाथ' फिल्म में केदारनाथ धाम की झलक मिलीं।

## खबर संक्षेप

### राव नेतराम स्कूल की छात्रा ने की सीएसईईबी परीक्षा क्वालीफाई



**नारनौल।** सीएसईईबी की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम में राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अनिता देवी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों बधाई देते हुए बताया कि सीएसईईबी की परीक्षा में प्रिया पुत्री सुनिल ढाणी गुजरवास ने क्वालीफाई किया है। उन्होंने बताया कि इस सफलता से छात्रा ने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के परीक्षा परिणाम समय समय पर देते रहेंगे। उन्होंने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रदीप, सतीश, मोनिका, सोनू, राजबाला, पूजा, सुमन, ज्योति, सुशीला, दीपक, समता, संजीव, सुरेखा आदि मौजूद थे।

### ग्रामीणों को किया मिलावट खोरी के बारे में जागरूक

**नारनौल।** मिलावट खोरी कानूनी अपराध विषय पर शुक्रवार को युवा अधिकारिता व उद्यमिता विभाग की ओर से बसीरपुर राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अध्यापिका जयंती बाई ने युवाओं व स्थानीय जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुनील कुमार युवाओं से आह्वान किया कि मिलावट खोरी के प्रति हमें स्वयं सचेत रहते हुए, दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक करना होगा।

### उतीर्ण विद्यार्थियों का हुआ अभिनंदन समारोह

**महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोथल कलां में 12वीं कक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत आने की खुशी में परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य दयानंद ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रही। इस उपलब्धि पर सभी सफल विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। प्राचार्य ने बताया कि 12वीं कक्षा के परिणाम में कुमारी वंशिका पुत्री देवप्रकाश कला संकाय की टॉपर रही, जिसने 450/500 अंक प्राप्त किए।

### वाटर टैंक व सार्वजनिक टंकियों के चेकिंग की बनाई रूपरेखा

**नांगल चौधरी।** विश्व मलेरिया दिवस पर सीएचसी में एसएमओ डॉ. धर्मेश सैनी के निर्देशानुसार जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें कर्मचारियों को गांव वाइज ग्रामीणों को जागरूक करने की जिम्मेवारी सौंपी गई। साथ ही वाटर टैंक व सार्वजनिक टंकियों को जांचने तथा उनमें दवाई डालने की हिदायत दी, ताकि मच्छर का लार्वा नहीं पनप पाए। उन्होंने कहा कि गर्मियों में कूलरों का इस्तेमाल बढ़ गया तथा पेयजल की डिमांड बढ़ने से लोग सार्वजनिक टंकियों से पानी का प्रबंध करते हैं, लेकिन अधिकांश गांवों में टंकियों पर ढक्कन नहीं, खुले टैंक में कीड़े मकौड़े गिरने की समस्या रहती है।

## डेंगू दिवस पर पीरआगा व सलामपुरा में जागरूकता शिविर आयोजित

# नागरिकों को डेंगू के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार के मार्गदर्शन में मोहल्ला पीरआगा व सलामपुरा की आंगनबाड़ी में कार्यक्रम का आयोजन कर डेंगू से बचाव के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नागरिकों को डेंगू के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में विस्तार से बताया तथा पैंपलेट बांटकर जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्कर रमेश देवी, मनीषा, पिंकी, माया, रेणु, आशा वर्कर मीरा, मुकेश यादव, सतीश कुमार, मनोज कुमार, अजय, महेश कुमार मौजूद थे।

***डेंगू बुखार एडीज मच्छर के काटने से होता है:*** सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि डेंगू बुखार एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह साफ पानी में पैदा होता है। हमें अपने घरों के आसपास पानी इकठ्ठा नहीं होने देना चाहिए। घरों में पानी के स्त्रोतों कूलर, टंकी, होदी और अन्य पानी के बर्तनों को सप्ताह में एक बार जरूर साफ करना चाहिए और सूखा कर दोबारा भरना चाहिए। प्रत्येक रविवार को ड्राई डे के रूप में मनाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि कोई भी बुखार डेंगू हो सकता है। बहुत तेज बुखार आना, तेज सरदर्द होना, आंखों में जलन और दर्द होना, मासपेशियों और जोड़ों में दर्द होना इसके मुख्य लक्षण हो सकते हैं। सिविल सर्जन ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले में वर्ष 2021 में 161, वर्ष 2022 में 72, वर्ष 2023 में 44, वर्ष 2024 में 62 डेंगू संक्रमित मरीज मिले थे, जबकि वर्ष 2025 में अभी तक कोई डेंगू संक्रमित मरीज नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि जिले में 152 टीम घर घर जाकर बुखार के मरीजों की और लारवा की जांच कर रही है। इस वर्ष अभी तक 900295 घरों की जांच में 165 घरों में लारवा पाया गया है, जिनको नोटिस दिए गए हैं। विभाग डेंगू की रोकथाम के लिए तत्पर है।



नारनौल। डेंगू के बारे में जागरूक करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।




सतनाली मंडी। विश्व डेंगू दिवस पर जागरूकता अभियान चलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विश्व डेंगू दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

**सतनाली मंडी।** विश्व डेंगू दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतनाली की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रम ने बताया कि हर साल 16 मई को विश्व डेंगू दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगों को डेंगू रोग के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि डेंगू एक जानलेवा बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से फैलती है। यह बीमारी शरीर में प्लेटलेट्स की कमी कर सकती है, जिससे

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनौंदा में विश्व डेंगू दिवस मनाया

**कनीना।** गांव धनौंदा स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व डेंगू दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. विभाष ने बताया कि डेंगू एक खतरनाक संक्रामक बीमारी है, जो की एडीज मच्छर के काटने से होती है, इसलिए हमें मच्छरों से बचाव करना चाहिए। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पैदा होता है व दिन के समय कटता है। उन्होंने बताया कि हमें कूलर, फ्रिज की ट्रे, खराब टायर, घर की छत पर टूटा फूटा सामान आदि में पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। घर के आसपास बने गड्ढे नाली आदि में केरोसिन डाल देना चाहिए। इस मौके पर स्वास्थ्य निरीक्षक पवन कुमार, कुलदीप सिंह, राजेश, इंद्रजीत, रीटा आदि उपस्थित थे।

### उप स्वास्थ्य केंद्र बुचौली में मनाया गया डेंगू दिवस

**महेंद्रगढ़।** उपस्वास्थ्य केंद्र बुचौली में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पूनम रैबारी व संचालन स्वास्थ्य कर्मी मुकेश चौहान ने किया। राष्ट्रीय डेंगू दिवस 2025 की थीम है, जल्दी कार्रवाई करें, डेंगू को रोकें, स्वच्छ परिवेश, स्वस्थ जीवन। स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान ने बताया कि हर वर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि डेंगू एक जानलेवा बीमारी है, जोएडीज मच्छर के काटने से होती है। यह मच्छर साफ पानी में पनपता है और उसी में अपनी प्रजनन क्रिया को पूरा करता है। एडीज मच्छर दिन के समय काटता है। प्रारंभिक लक्षण में मरीज को तेज सिर दर्द होना, बुखार, उल्टी, थकान, शरीर पर चकते, मास पेशियों में खिंचाव होना आदि होते है। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए हम अपने घरों के आसपास सफाई रखनी चाहिए, पूरी बाजू के कपडे पहने, घर के जंगले एवं दरवाजे पर जाली लगवाए।



### डॉ. मनीष यादव ने डेंगू के संबंध में चिकित्सकों के साथ की बैठक



**नारनौल।** सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनीष यादव ने नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों के साथ डेंगू के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। डॉ. मनीष यादव ने बताया कि डेंगू की सभी प्रकार की जांच नागरिक अस्पताल और उप नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ में उपलब्ध है। नागरिक अस्पताल में अब ब्लड कंपोनेंट सेप्रेटर मशीन उपलब्ध हो गई है।

### दौचाना स्कूल में मनाया गया विश्व डेंगू उन्मूलन दिवस

**नारनौल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दौचाना की टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में विश्व डेंगू उन्मूलन दिवस मनाया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों को डेंगू रोकथाम के उपाय बताए गए। उन्हें पानी के सभी बर्तन, कूलर, टंकी, फ्रिज व गमले आदि को खाली करके सप्ताह में कम से कम एकबार जरूर सूखा दिवस मनाने की जानकारी दी। उन्हें डेंगू बीमारी से होने वाले लक्षण व इसकी रोकथाम की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में डा. निखिल, एमपीएचडब्ल्य (मेल) मोहित यादव, एमपीएचडब्ल्यू (फिमेल) सविता तथा स्कूल का स्टॉफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### छिलरो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मनाया राष्ट्रीय डेंगू दिवस

**नारनौल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निजामपुर में चिकित्सा अधिकारी डा. अमित कुमार सिंह व एमपीएचएस गुलाब सिंह के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिलरो व उप स्वास्थ केन्द्र तलोट, मारोली व निजामपुर में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया, जिसमें उपस्वास्थ्य केंद्र निजामपुर के सभी कर्मचारी और गांव के आमजन ने हिस्सा लिया। डा. अमित कुमार सिंह ने वहां उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि डेंगू बुखार एक आम संक्रामक रोग है। इस बुखार के लक्षणों में तेज बुखार आना, पूरे बदन में दर्द होना, सिर मासपेशिये में दर्द होना, आंखों के पिछले भाग में दर्द होना, अत्यधिक कमजोरी का महसूस होना, मुंह का स्वाद खत्म होना, गले में दर्द होना व शरीर पर लाल चकते हो जाना आदि शामिल हैं। इस अवसर पर कर्मचारी सुमन, संदीप कुमार, मंजू देवी, विनोद देवी, विजय सिंह, राकेश कुमार, नीलम, चेतना के साथ अन्य आमजन लोग उपस्थित रहे।



### राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया

**मंडी अटेली।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चंपादेवी पीएम श्री स्कूल अटेली में मनाया गया। हेल्थ इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने बताया कि गर्मियों और बरसात के मौसम में मच्छरों का आतंक हर घर हर गली में देखने को मिलता है। इस मौके पर एमपीएचडब्ल्यू पंकज कुमार, एमपीएचडब्ल्यू विजय कुमार, हरीश यादव, आईटीआई सुजापुर प्राचार्य शिवचरण, सरपंच पूजा यादव, स्कूल प्राचार्य कुसुमलता, कर्ण सिंह, महेश कुमार, प्राचार्य राजेंद्र यादव, समाजसेवी तेजप्रकाश व महेश कुमार के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## हमीदपुर के छात्र मोहित ने सुपर 100 में बनाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जगदीप कौशिक व सिद्धार्थ आदि उपस्थित रहे। राजकीय उच्च विद्यालय हमीदपुर के मोहित पुत्र रणधीर का सुपर 100 में चयन होने पर ग्राम पंचायत की ओर से विद्यालय परिवार व छात्र मोहित के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सरपंच कैलाश चंद व राकेश पंच द्वारा मुख्याध्यापक अजय कुमार, स्टाफ व मोहित को सम्मानित किया गया। मुख्याध्यापक अजय कुमार ने बताया कि यह उपलब्धि अध्यापकों की मेहनत व बच्चे के प्रयास से सम्भव हो पाई है। जिला महेन्द्रगढ़ के तीन बच्चों में मोहित अकेला है, जो उच्च विद्यालय हमीदपुर से है, बाकी सभी बच्चे वरिष्ठ माध्यमिक से हैं। सरपंच कैलाश ने बताया कि पूरे जिले में हमारे गांव के उच्च विद्यालय से सुपर 100 में चयन हुआ है, जबकि अन्य सभी बच्चे मॉडल माध्यमिक विद्यालय से हैं। यह गांव हमीदपुर के लिए गर्व का विषय है। समारोह में राजेश शर्मा, नरेन्द्र, आशा देवी आदि मौजूद थे।




नारनौल। छात्र मोहित को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सदासुख स्कूल का 10वीं एवं 12वीं परीक्षा परिणाम रहा शत–प्रतिशत

**कनीना।** सदासुख मैमोरियल पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत परिणाम देकर अपना परचम लहराया हैं। कक्षा 12वीं में मीनाक्षी पुत्री विजय सिंह कपूरी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 10वीं में दीपिका पुत्री विनय यादव ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया हैं। विद्यालय के लगभग विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से 90 प्रतिशत में अपना स्थान बनाया हैं, जिनमें प्रियंका पुत्री वजय सिंह कपूरी 90 प्रतिशत, कशिश पुत्री बिरेंद्र सिंह कनीना ने 84 प्रतिशत, ललिता पुत्री अजयपाल मुमताजपुर 81 प्रतिशत तथा निकिता पुत्री देवेंद्र कुमार लूखी 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया हैं। संस्था निर्देशक एडवोकेट विनय यादव, प्राचार्य सुभाष चंद ने बताया कि एसएमएस संस्था शिक्षा क्षेत्र में सदैव सर्वश्रेष्ठ परिणाम देता है।



मीनाक्षी



दीपिका

## सिटी वर्ल्ड स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सिटी वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल पालड़ी पनिहारा में विद्यार्थियों द्वारा सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं परीक्षा परिणाम में बेहतरीन सफलता प्राप्त करने पर शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

डायरेक्टर स्नेह यादव ने बताया कि कक्षा 10वीं में हर्ष पुत्र सुनील कुमार ने 94.4 तथा कक्षा 12वीं में हिमांशु पुत्र अजय कुमार ने मेडिकल संकाय में 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं दोनों में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं के विषय वार परिणाम में विद्यार्थियों ने विज्ञान में 96, अंग्रेजी 95, म्यूजिक 95, सामाजिक 94, हिंदी 91 तथा गणित में 90 अंक हासिल किए, वहीं कक्षा 12वीं में विद्यार्थियों ने म्यूजिक में 99, हिंदी 96, केमिस्ट्री 95, बॉयो 88, अंग्रेजी 87 तथा फिजिक्स में 85 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। एमडी देवेंद्र यादव ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को आवश्यकतानुरूप शिक्षा प्रदान कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाया जाता है। सिटी वर्ल्ड एजुकेशन ग्रुप चेयरमैन विजय सिंह यादव ने बताया कि हर्ष और हिमांशु दोनों ही विद्यार्थी बहुत ही अनुशासनिक, व्यावहारिक एवं कर्मठ हैं।

## द वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल गुलावाला में भव्य सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

द वेदान्ता इंटर नेशनल स्कूल गुलावाला में सशस्त्र सीमा बल के उप महानिरीक्षक मुकेश कुमार का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुकेश कुमार को वीरता पदक प्राप्त है। वे एक आयरन मैन, अल्ट्रा रनर और टफ मैन के रूप में भी प्रसिद्ध हैं। यह आयोजन उनके देशसेवा में असाधारण योगदान, खेलों व नेतृत्व में शानदार उपलब्धियों को सम्मानित करने हेतु आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जालंधर के प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार, राजकीय महाविद्यालय नारनौल के प्रोफेसर डॉ. सतीश सैनी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। द वेदांत स्कूल के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डीआईजी मुकेश कुमार ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि फेसबुक या सोशल मीडिया पर नहीं, बल्कि खेल के मैदान में स्मार्ट बनो। अपने जीवन के लक्ष्य तय करो और उन्हें पाने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा झोंक दो।



नारनौल। समारोह में सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## एबीएम स्कूल ने परीक्षा परिणाम में लहराया परचम

**नारनौल।** मोहल्ला देवस्थान स्थित एबीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 12वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर संस्था के प्रधान जयप्रकाश गौतम ने बताया कि विद्यालय के कुल 65 छात्रों ने 12वीं की परीक्षा दी थी। जिसमें 32 छात्रों ने राज्य स्तरीय मेरिट प्राप्त की है। कला संकाय में खुशी 442 अंक लेकर प्रथम, कुमकुम 435 अंक लेकर द्वितीय व इशा, दुर्गेश और ममता ने 419 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में मोनिका शर्मा 428 अंक लेकर प्रथम, दक्ष 423 अंक के साथ दूसरे, शिवम गौतम 408 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहा। वाणिज्य संकाय में खुशी 437 अंक के साथ प्रथम रही। रितिका ने द्वितीय व गगन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधान जयप्रकाश गौतम व प्रधानाचार्य रेखा गौतम ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**कार्यक्रम** यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम के बारे में बैठक आयोजित

# अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित और अनुकूल कार्य वातावरण बनाना: सीजेएम संजीव काजला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एडीआर सेंटर में पैनल अधिवक्ताओं एवं कानूनी स्वयं सेवकों के साथ बैठक आयोजित की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला ने महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम) निषेध और निवारण अधिनियम 2013 तथा आपदा प्रबंधन विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न निषेध व निवारण अधिनियम 2013 भारत सरकार की ओर से कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न का सामना किए जाने वाले मुद्दे को हल करने के लिए बनाया गया एक कानून है।

उन्होंने बताया कि इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल कार्य वातावरण बनाना तथा उन्हें यौन उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम यौन उत्पीड़न को परिभाषित करता है। जिसमें शारीरिक संपर्क और यौन प्रस्ताव, यौन अनुग्रह के लिए मांग या अनुरोध, अश्लील टिप्पणी करना, अश्लील चित्र दिखाना तथा किसी भी अन्य अवांछित शारीरिक, मौखिक या गैर मौखिक व्यवहार जैसे अवांछित कार्य शामिल हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने विशाखा व अन्य बनाम राजस्थान राज्य 1997 मामले में एक ऐतिहासिक निर्णय में विशाखा दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिर्देशों में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न निषेध और निवारण अधिनियम 2013 (यौन उत्पीड़न अधिनियम) को आधार बनाया।




नारनौल। बैठक में मौजूद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला। फोटो : हरिभूमि

### आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना आवश्यक

उन्होंने बताया कि यह अधिनियम कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न को रोकने और प्रतिबंधित करने के लिए नियोक्ताओं पर कानूनी दायित्व डालता है व यौन उत्पीड़न की शिकायतें प्राप्त करने और उनका समाधान करने के लिए नियोक्ताओं को 10 या अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक कार्यस्थल पर एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना आवश्यक है। सभी कर्मचारियों को जिला न्यायालय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नारनौल में गठित आंतरिक शिकायत समिति की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता अजय कुमार पाण्डेय ने भी अधिनियम के बारे में जानकारी दी। रेडक्रॉस सोसायटी की टीम ने आपदा प्रबंधन विषय पर जानकारी दी व मॉकड्रिल का आयोजन किया। जिसमें आपदा के समय पीड़ितों की सहायता व प्राथमिक चिकित्सा के बारे जागरूक किया।

### जेजेपी नेता काशीराम रावत का निधन

**नांगल चौधरी।** जेजेपी के सीनियर नेता एवं राष्ट्रीय कार्यकरिणी सदस्य काशीराम रावत का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। मृतक का अंतिम संस्कार पैतृक गांव ढाणी तिहागिया में किया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

मै शीशराम पुत्र अर्जुन सिंह वासी गांव दोस्तपुर तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रवीण व उसकी पत्नी मीनाक्षी मेरे कहने सुनने से बाहर है व हर दिन घर में झगडा करते रहते है। इसलिए मै उनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**पी.एम.श्री.रा.क.व. मा.विधालय नांगल चौधरी**

पी.एम.श्री रा.क.व.मा. विधालय नांगल चौधरी के लिए 02 Female कुकों की आवश्यकता है जो सभी प्रकार के खाना बनाने में कुशल हो। इच्छुक महिला दिनांक 23.05.2025 सांय 5.00 बजे तक स्कूल में अपना आवेदन कर सकती है। साक्षात्कार दिनांक 24.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे होगा। अधिक जानकारी के लिए प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार जी से फोन नंबर 9416763803 पर संपर्क करें।

**प्राचार्य, पी.एम.श्री.रा.क.व. मा.विधालय नांगल चौधरी**

## खबर संक्षेप

### कथा प्रसंग के पंचम दिन हुआ रुक्मणी विवाह

**मंडी अटेली।** अटेली के बिजली निगम स्थित अटेली हनुमान मंदिर परिसर में भागवत कथा का वाचन हो रहा है, जिसमें कथावाचक ढोसी धाम से अजीत शास्त्री भागवत कथा का वाचन कर रहे हैं। शुक्रवार को कथा प्रसंग पंचम दिन रुक्मणी विवाह हुआ। कथा में यजमान राकेश बाबू व उनकी पत्नी पिस्ता देवी रहे। कथा का विश्राम 19 मई को होगा।

### 22वां विशाल शनिदेव जन्मोत्सव 27 को

**महेंद्रगढ़।** सनातन धर्म में शनिदेव को न्याय देवता के रूप में पूजा जाता है। यही कारण है कि विधिपूर्वक उनकी उपासना करने से व्यक्ति को सभी प्रकार के रोग, दोष और बाधाओं से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि के दिन शनिदेव जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस बार यह शनिदेव जन्मोत्सव 27 मई को हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

### राजकीय विद्यालय का वार्षिक परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 12वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरोली का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा हैं। विद्यालय प्राचार्य मदन रेवासिया ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 12वीं में कुल 19 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 16 विद्यार्थी मेरिट हासिल की है तथा शेष तीन विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास हुए हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय की छात्रा निशु पुत्री ओमप्रकाश ने 500 में से 456 अंक लेकर प्रथम, एकता पुत्री फूल सिंह ने 446 अंक व सोनू पुत्री राजेंद्र ने 430 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं। परीक्षा परिणाम से खुश होकर विद्यार्थियों ने मिठाई बांटकर अध्यापकों का मुंह मीठा करवाया।

## रेलमंत्री व डीआरएम बिकानेर के नाम सौंपा ज्ञापन

# कनीना रेलवे स्टेशन पर क्षेत्रवासियों ने की महापंचायत

- कनीना खास रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** महापंचायत में विचार-विमर्श करते क्षेत्रवासी व स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपते महापंचायत के सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

कनीना खास रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव करने की मांग को लेकर शुक्रवार को कनीना स्टेशन पर महापंचायत हुई। प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न महापंचायत में भारी संख्या में पूर्व सैनिकों, युवाओं व इलाकावासियों ने भाग लिया। महापंचायत में प्रस्ताव पास कर केन्द्रीय रेलमंत्री व डीआरएम बीकानेर डिविजन से कनीना खास रेलवे स्टेशन पर दिन में आने वाली दिल्ली जोधपुर एक्सप्रेस गाड़ी, दिल्ली से बीकानेर एक्सप्रेस, दिल्ली से सीकर एक्सप्रेस व रात को आने वाली दिल्ली बीकानेर एक्सप्रेस, दिल्ली जोधपुर एक्सप्रेस गाड़ी का ठहराव तत्काल कनीना खास रेलवे स्टेशन पर करने की मांग की।

पंचायत में श्रीभगवान गौतम, सज्जन सिंह बोहरा, कर्णसिंह यादव, ब्रहमदत जांगड़ा, मोहनसिंह पूर्व पार्षद, सूबेदार मदन सिंह, सीताराम जांगड़ा, किशनपाल तंवर, देशराज यादव, अनिता चौधरी, नीटू ठेकेदार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मीटरगेज लाइन के समय यहां एक्सप्रस ट्रेन ठहरती थी, लेकिन ब्रॉड गेज लाइन बनने के बाद कोई भी एक्सप्रेस ट्रेन नहीं ठहरती। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी होती है। यह सैनिक तथा पूर्व सैनिकों का इलाका है। कनीना पुरानी अनाज मंडी तथा व्यापारिक केन्द्र हैं। उपमंडल स्तरीय मुख्यालय है। इसलिए यहां एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि एक माह के अंदर आगामी 18 जून तक उक्त एक्सप्रेस गाड़ियों को ठहराव कनीना खास रेलवे स्टेशन पर शुरू नहीं किया, तो इलाकावासी धरना व रेल रोको आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। दूसरे प्रस्ताव में जनभावना की अवहेलना करने के कारण बीकानेर डीवीजन के डीआरएम आशीष कुमार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास कर उनका तबादला कर नया डीआरएम नियुक्त करने की मांग की गई।

### स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन

महापंचायत के सदस्यों ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व बीकानेर डीविजन डीआरएम आशीष कुमार के नाम प्रेषित दो अलग अलग ज्ञापन स्टेशन मास्टर अशोक यादव को सौंपे। उन्होंने ज्ञापनों को तत्काल उच्च अधिकारियों को भेजने का भरोसा दिया। ज्ञापनों में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव करने सहित कनीना खास रेलवे स्टेशन को आदर्श भारत स्टेशन योजना में शामिल करने, सादुलपुर से दिल्ली पानीपत तक नई डीएमयू गाड़ी चलाने की मांग की।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर श्रीभगवान गौतम, सज्जन सिंह बोहरा, विजय सिंह, संदीप, रामकिशन, बिजेन्द्र कुमार, पूर्णचंद इंस्पेक्टर, राजेन्द्र सिंह नम्बरदार, धनराज गोयल, ब्रह्मदत जांगड़ा, पदमसिंह तंवर, रामबीर पूर्व पंच, करणसिंह यादव, देशराज यादव, मोहन सिंह पूर्व पार्षद, राजेन्द्र यादव पंच, कैलाश सेठ, सतबीर जांगड़ा, पवन प्रधान, माडूराम, नरेन्द्र कुमार, डॉ. मुकेश, देवेन्द्र तंवर, अजय, फूलसिंह, तोफराम, अमित, संदीप, नीटू ठेकेदार, राजेन्द्र स्वामी, बिरेन्द्र, प्रवीण, परमेन्द्र, अनिता चौधरी, ताराचंद योगी, सूबेदार घनश्याम सिंह, सूबेदार मदन सिंह आदि मौजूद थे।

## तीन साल से जर्जर अवस्था में सिनेमा रोड की सड़क, लोगों को उठानी पड़ रहीं हैं परेशानी

# सिनेमा रोड के दुकानदारों ने विधायक के सामने रोया दुखड़ा, सड़क का निर्माण जल्द कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** दुकानदारों से बात करते विधायक कंवर सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

शहर के बालाजी चौक से मसानी चौक तक 800 मीटर तक की सड़क मार्ग पिछले तीन सालों से बदहाल अवस्था में होने के कारण दुकानदारों व राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को दुकानदारों ने विधायक कंवर सिंह यादव को इस मार्ग के निर्माण करवाने की मांग की गई। विधायक ने आश्वासन दिया कि अगल सप्ताह तक निकाय निदेशालय से अनुमति मिल जाएगी। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

शुक्रवार को बदहला सड़क निर्माण को लेकर बालाजी चौक से सिनेमा रोड के 40 से अधिक दुकानदार एकत्रित हो गए। विधायक कंवर सिंह यादव 18 मई को मुख्यमंत्री के धन्यवादी रैली को लेकर निमंत्रण देने के लिए सिनेमा रोड पर पहुंचे थे। दुकानदारों ने विधायक कंवर सिंह यादव को इस 800 मीटर मार्ग को बनवाने की मांग की गई। दुकानदारों ने विधायक से कहा कि यह मार्ग 2022 में तत्कालीन एसडीएम व नपा प्रशासक दिनेश की देखरेख में किया गया था। तीन महीने बाद सड़क टूटने लग गई थी। विजलेंस टीम की ओर से इसकी जांच की जा रही है। तीन साल बीत जाने के बाद भी इसका निर्माण कार्य नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि विजलेंस टीम की ओर से जांच जारी रहेगी, लेकिन इसकी निर्माण की परमिशन लेकर इसका निर्माण करवाया जाए। जब तक परमिशन नहीं मिल जाती तब तक पेचवर्क करवाया जाए, ताकि दुकानदारों व राहगीरों को परेशानी न हो। दो दिन बाद मुख्यमंत्री महेंद्रगढ़ आ रहे है। इसको लेकर पेचवर्क करवाया जाए। विधायक कंवर सिंह यादव ने चंडीगढ़ निकाय निदेशालय से फोन पर बातचीत के बाद आश्वासन दिया कि अगले सप्ताह तक इस मार्ग के निर्माण के आदेश मिल जाएंगे। उसके बाद निर्माण कार्य किया जाएगा। तब तक जल्द से जल्द पेचवर्क का कार्य करवा दिया जाएगा।

बता दें कि बालाजी चौक से मसानी चौक तक बना सड़क मार्ग जर्जर अवस्था में। इस 800 मीटर के मार्ग पर आए दिन औसतन दो दुर्घटनाएं होना आम बात है। यह सड़क मार्ग शहर का सबसे व्यस्तम सड़क मार्ग है। प्रतिदिन इस सड़क मार्ग से 10 हजार से अधिक वाहन गुजरते है। यह सड़क मार्ग करीब 60 गांवों से जुड़ा हुआ है। इस सड़क मार्ग पर पंजाब नेशनल बैंक व एसबीआई बैंक शाखाओं सहित अन्य कार्यालय तथा निजी अस्पताल होने के कारण दिनभर भीड़ रहती है। बैंकों में करीब प्रतिदिन दो हजार अधिक लोग बैंक संबंधित कार्य व पेंशन लेने के लिए आते हैं। लेकिन सड़क मार्ग पर गड्ढे होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


**नारनौल।** बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**नारनौल।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, समर्थन, सेना व जवानों का मनोबल बढ़ाने, शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने लिए पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला महेंद्रगढ़ मुख्यालय नारनौल में भी 17 मई को विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह तिरंगा यात्रा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने से शुरू होकर महावीर चौक होते हुए अंबेडकर प्रतिमा पंचायत भवन के पास समाप्त होगी। इस अवसर पर सांसद चौधरी धर्मबीर, कैबिनेट मंत्री आरती राव, विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह, पूर्व मंत्री प्रो रामबिलास शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह, जिला प्रमुख डॉ. राकेश, नगर परिषद प्रधान कमलेश सैनी, पूर्व विधायक सीताराम यादव मौजूद रहेंगे। जिला अध्यक्ष ने दयाराम यादव को यात्रा का जिला संयोजक व मंजीत यादव, किशनलाल सैनी, आनंद मेहता को सहसंयोजक नियुक्त किया है। इस मौके पर मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल ने बताया कि अगले सप्ताह भी यात्रा निकाली जाएगी। जिसके लिए महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती को संयोजक की जिम्मेदारी मिली है। जिला स्तर के बाद विधानसभा स्तर पर यात्रा निकाली जाएगी। जिसके संयोजक अटेली में राजेन्द्र लांबा, महेन्द्रगढ़ में योगेश शास्त्री, नारनौल में मनीष संघी, नांगल चौधरी में पूर्णचंद गोठड़ी होंगे। बैठक में नरेंद्र झिमरिया, विकास यादव, वासुदेव यादव, माडूराम सैनी, महावीर कौशिक, राकेश यादव, सिकंदर सैनी, हिमांशु, प्रवीण शर्मा, मनोज, मुकेश, मंजीत, सुदर्शन बंसल, सरोज बाला, कविता, लक्ष्मी सैनी, सुशील आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** रैली स्थल का जायजा लेते डीसी व एसपी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगामी 18 मई को महेंद्रगढ़ स्थित स्टेडियम में धन्यवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर विधायक कंवर सिंह, पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ सहित विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक कंवर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री 18 मई को कार्यक्रम स्थल पर ही जिले की लगभग 30 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास भी करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारी व मुख्यमंत्री के हेलीकाप्टर के लिए हेलीपैड, वाहन पार्किंग स्थल, आमजन के बैठने इत्यादि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम अनिल कुमार यादव, सीटीएम मंजीत कुमार आदि अधिकारी भी मौजूद रहे।

## दीवार में उगे पेड़ हादसे का अंदेशा

**नारनौल।** मोहल्ला देवस्थान में मकान के सामने वाली दीवार के अंदर एक खतरनाक पेड़ उगा हुआ है। जिनके कारण हमेशा हादसे का अंदेशा बना रहता है। इस बारे में मोहल्ला वासी राजेंद्र जैन पुत्र इंद्रलाल जैन ने बताया कि घर के सामने मकान की पुरानी दीवार जर्जर हो चुकी है, जिसमें ईंट पड़ने लगी है। इससे आने जाने वाले राहगीरों पर गिरने का खतरा बना हुआ है। इससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि वन विभाग से अधिकारी ने भी रिपोर्ट में इसको माना है, लेकिन पेड़ ज्यों का त्यों उगा हुआ है। उन्होंने वन विभाग से पेड़ उखाड़ने की मांग की है।



## छबील लगाकर मीठा पानी पिलाया



**कनीना।** क्षेत्र में लगातार हो रही भीषण गर्मी में कनीना कोसली मार्ग पर कोटिया बस स्टैंड पर ग्रामीणों ने छबील लगाकर शरबत का ठंडा मीठा पानी पिलाया। ग्रामीण कैलाश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से हर वर्ष ज्येष्ठ मास में बस स्टैंड पर राहगीरों को शरबत का ठंडा मीठा पानी पिलाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में गांव के बड़े बुजुर्ग, युवा सभी का सहयोग रहता है।

## सुपर 100 परीक्षा का परिणाम जारी

# लेवल-2 में जिले के 13 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


**नारनौल।** लेवल-2 में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।

सुपर 100 बैच 2025-27 के लिए हुई परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। प्रवेश प्रक्रिया 25 मई 2025 को कुरुक्षेत्र के बारना स्थित सुपर 100 परिसर में आयोजित की जाएगी। पांच फरवरी को सुपर 100 के पहले चरण की परीक्षा आयोजित की गई थी। सुपर 100 लेवल एक के परीक्षा परिणाम में महेंद्रगढ़ जिले के 79 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं लेवल-2 की परीक्षा में इनमें से 13 विद्यार्थियों को सफलता मिली है।

***विद्यार्थियों अपने साथ क्या लेकर जाए:*** प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को अपने माता पिता व अभिभावक के साथ 25 मई को सुबह 10 बजे सुपर 100 कैम्पस कुरुक्षेत्र में जाना होगा। विद्यार्थियों को अपने साथ उनका आधार कार्ड मूल व दो फोटोकॉपी, माता पिता दोनों का आधार कार्ड, दो फोटोकॉपी, विद्यार्थी की तीन पासपोर्ट साइज की फोटो, माता पिता व अभिभावक दोनों की दो पासपोर्ट साइज फोटो, कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा की प्रोविजनल मार्क शीट, सुपर 100 लेवल-2 योग्यता प्रमाणपत्र रंगीन प्रिंटआउट, सुपर 100 लेवल-2 परीक्षा आईडी कार्ड सुपर 100 लेवल-2 परीक्षा के दौरान जारी किया गया, एसएलसी स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र, मूल केटेगरी सर्टिफिकेट, फोटोकॉपी, एक अप्रैल 2025 को या उसके बाद जारी किया गया, परिवार पहचान पत्र मूल व दो फोटोकॉपी, बैंक पासबुक स्टेटमेंट की फोटो कॉपी जिसमें खाता संख्या स्पष्ट रूप से दिखाई दे आदि ले कर जाना है। इसके साथ ही हॉस्टल में रहने के लिए आवश्यक वस्तुएं भी साथ लेकर जानी है। प्रवेश संबंधी पूछताछ के लिए 7206758099 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

हरियाणा सरकार व शिक्षा विभाग की ओर से वर्ष 2018 में शुरू किए गए सुपर 100 कार्यक्रम का उद्देश्य 11वीं व 12वीं कक्षा के छात्रों को आईआईटी और मेडिकल की निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है।

### प्रवेश प्रक्रिया के लिए सामान्य दिशानिर्देश

प्रवेश तिथि 25 मई, रिपोर्टिंग समय सुबह 10 बजे, प्रवेश केंद्र सुपर 100 कैम्पस, ग्राम बारना, ढांड कुरूक्षेत्र रोड, नियर टेरी कॉलेज कुरूक्षेत्र।

### क्या कहते है जिला विज्ञान विशेषज्ञ

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि जिले से सुपर-100 बैच 2025-27 में प्रवेश के लिए 13 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी सूची में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को 25 मई सुबह 10 बजे सुपर 100 कैम्पस कुरूक्षेत्र में प्रवेश के लिए बुलाया गया है। सुपर 100 बैच 2025-27 में प्रवेश के लिए राज्य से कुल 400 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

### क्या कहते है जिला शिक्षा अधिकारी

जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से अपने खण्ड से चयनित किए गए सम्बन्धित विद्यार्थियों को उनके शेड्यूल अनुसार विकल्प फाउंडेशन कुरुक्षेत्र परिसर में पहुचने बारे सूचित करने के लिए निर्देश दे दिए गए है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सुपर 100 लेवल-2 परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों को सुपर 100 बैच 2025-27 में प्रवेश के लिए बुलाया गया है और इन्हें हरियाणा सरकार व शिक्षा विभाग की इस योजना के तहत मुफ्त कोचिंग प्रदान की जाएगी।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी की ओर से जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह, जिला प्रधान पवन कुमार, जिला सचिव जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के 18 मई आगमन पर विधायक को ज्ञापन सौंपा गया।

जिला प्रधान पवन कुमार ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी गांवों को साफ-सुथरा रखने और लोगों को बीमारियों से बचाने के लिए कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की संतोषप्रद व लंबे अनुभव को देखते हुए सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाना निहायत जरूरी है और न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये लागू किया जाना न्यायसंगत हैं। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि सफाई कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये, कूड़ा उठाने के लिए स्वचालित वाहन उपलब्ध करवाएं जाए, ग्रामीण सफाई कर्मचारी की मृत्यु होने पर उनके आश्रित को नौकरी व बीमा क्लेम दिया जाए, बीमारी की स्थिति में नियमित कर्मचारी की भांति इलाज व आयुष्मान योजना में शामिल किया जाए, वेतन भुगतान हर महीने की पहली तारीख को किया जाए, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को मास्क सहित सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाना, सरपंचों का अनावश्यक हस्तक्षेप रोकना, ईएसआई कार्ड से मिलने वाली इलाज की सुविधा सुचारू रूप से लागू करना, अप्रैल 2025 का वेतन भुगतान करने, जिन खंड में नवंबर 2023 का भुगतान करना सहित अनेक मांग रखी गई। मीटिंग में उपस्थित कर्मचारियों ने निर्णय लिया कि आगामी 25 मई को यादव धर्मशाला में प्रातः नौ बजे ब्लॉक महेंद्रगढ़ का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें सर्वसम्मति से नई ब्लॉक कमेटी का गठन किया जाएगा। महेंद्रगढ़ ब्लॉक सम्मेलन को एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह संबोधित करेंगे तथा मांगों को हासिल करने के लिए आंदोलन की भावी रूपरेखा बनाई जाएगी।

## हर गांव परिवार को सरकार से जोड़ने के संकल्प पर बढ़ रहे हैं आगे

# रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जयंती में मुख्यमंत्री होंगे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


**नारनौल।** पत्रकार वार्ता करते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान व उनके समर्थित आतंकवादियों ने पहलगाम में जो दुस्साहस किया था, उसका भारतीय सेना ने करारा जवाब देते हुए आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्पष्ट तौर पर कहते हैं कि भविष्य में यदि पाकिस्तान ने अपने नापाक इरादों का इजहार करने की कोशिश की तो उनका नामो निशां मिट जाएगा।

उन्होंने ऑपरेशन सिन्दूर के माध्यम से भारतीय सेना की कार्रवाई व उनके जोश, जज्बे की सराहना की। शुक्रवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने नारनौल के एक निजी रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए विभिन्न विषयों पर अपनी राय रखी। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले का सात मई की सुबह भारतीय सेना ने एकजुटता के साथ आतंकवाद व आतंकवादियों पर करारा प्रहार करते हुए न केवल उनके नौ ठिकानों को नेस्तानाबूद किया, अपितु 100 हार्डकोर आतंकियों का खात्मा किया।

इससे आतंक परस्त पाकिस्तान के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सेना ने पूरी दुनिया को बड़ा सन्देश दिया कि भारतीय जमीन पर आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जिन देशों के हथियारों को भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा था, उसे हमारी मजबूत सेना ने स्वदेशी प्रणाली के माध्यम से आसमान में ही ध्वस्त कर दिया। आज पूरा देश ऑपरेशन सिन्दूर व सैन्यबल के सम्मान में तिरंगा यात्रा में उमड़ रहा है और अपनी भावनाओं को हर सैनिक के आत्मविश्वास के साथ जोड़कर मजबूती दे रहा है।

### राज्यस्तरीय भगवान परशुराम जयंती30 को

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आगामी 30 मई को रोहतक के पहरावर में राज्यस्तरीय भगवान परशुराम जयंती का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इस आयोजन में केंद्र सरकार के मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक भागीदारी करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जयंती समारोह में प्रदेश के कोने कोने से जनसमूह उमड़ेगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव भी उपस्थित रहे।

### 700 से अधिक पैक्सों के कम्प्यूटरीकरण को सिरे चढ़ा रहे हैं: मंत्री

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जन जन के कल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होंने सहकारिता विभाग को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस बजट में सहकारिता विभाग के लिए 58.80 प्रतिशत अधिक बजट का आवंटन किया है। इस बार हम 700 से अधिक पैक्सों के कम्प्यूटरीकरण को सिरे चढ़ा रहे हैं, जिससे उनका काम ऑनलाइन होने से कार्यप्रणाली में सरलता आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का विचार हर गांव हर परिवार को सहकार से जोड़कर समृद्धि लाने का है। इस कड़ी में सरकार, विभाग आमजन से मिलकर गांव गांव पैक्स स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे हैं, ताकि हर परिवार आत्मनिर्भर बनकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र में भी हरियाणा को दुनिया के मानचित्र पर लाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला सूरजकुण्ड को साल में दो बार आयोजित करने, पांच पर्यटन स्थलों को पीपीपी मोड़ पर विकसित करने, होटल प्रबंधन में युवाओं का रुझान बढ़ाने, प्रदेश में पर्यटक स्थलों को डेस्टिनेशन वेडिंग के तौर पर स्थापित करने पर जोर दिया जा रहा है।